ने सम्मेलन किया। उसका भी मैंने उद्घाटन किया। दिल्ली के बारे मे भी मैं आपको जानकारी करवा दू। पहली दिसम्बर को दिल्ली राज्य मेडिकल एसोसिएशन का सम्मेलन होने जा रहा है। हमारे राष्ट्रपति श्री सजीव रेड्डी ने उदारतापूर्वक चीफ गैस्ट बनने की कृपा कर दी है। परसो मैं और हमारे साथ श्री जैन भी थ, हम उनके पास गये थे और उन्होने चीफ गैस्ट बनना स्वीकार कर लिया है।

हर राज्य मेडिकल एसोसिएशन इसके समर्थन मे है

PROF P. G MAVALANKAR: I am on a point of guidance Can we convert the Question Hour into speeches? In this way, many important questions will be lost I request my esteemed colleague to be brief.

श्री राज नारायण मैं इतना ही बता देना चाहता हूं कि मेडिकल एसोसिएशन के की जो मैडिकल लाइड है वह तो हमारे पक्ष मे है, लेकिन मेडिकल एसोसिएशन के अदर ऐसे लोग है जिनके अन्दर पौलिटिकल कीटाणु घुस गये हैं वे कही-कही विरोधी स्वर निकाल देते हैं। उसकी हमे परवाह नही है। सरकार चाहती है कि उसन जो योजना बनाई है वह अबाध गति से चले।

SHRI EDUARDO FALEIRO I am very happy to see that these health workers will have only preventive functions and curative functions will be dealt with by the doctor himself Now, what is the Government planning to do to step the doctors working in India from going abroad?

MR SPEAKER It does not arise from the main question.

SHRI EDUARDO FALEIRO: From when this scheme is going to be implemented?

श्री राज नारायण : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिन 2 अक्तूबर से यह स्कीम जारी है। इस समय 777 ब्लाक्स मे यह शुरू है। इसका सब से पहले श्री जब प्रकाश नारायण जी ने बहेटा, पटना मे उद्घाटन किया था। बाद मे दूसरे दिन श्री मोरारजी देसाई, प्रधान मत्री जी ने जहा पर वह बन्द थे डाबु मे वहा किया था। 90,000 जन स्वास्थ्य रक्षक शिक्षित हो रहे है। 80 हजार गाव इसके अन्तंगत आ रहे है और नौ करोड की आबादी इसमे शामिल है।

## बिहार के सहरसा जिले में टेलीफोन कनेक्शन

*143. श्री विनायक प्रसाद यादव : क्या संचार मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या बिहार के सहरसा जिले मे करजाइन बाजार, सिमराहो बाजार और प्रतापगंज से लोक सभा के सदस्य और नागरिको, व्यापार सगठनो ने वहा पर टलोफोन कनेक्शन लगाने के लिए उनको अभ्यावेदन भेजा था ,

(ख) क्या उन्होने अपने पत्र मे वहा पर बिना किसी विलम्ब के टेलोफोन कनेक्शन लगाने की व्यवस्था करन का आश्वासन दिया था , और

(ग) क्या अब तक कोई टेलीफोन कनेक्शन नही लगाया गया है और यदि हा, तो यह सुविधा कब तक उपलब्ध की जाएगी ?

संचार मत्री (श्री बृजलाल वर्मा) : (क) जी हा।

(ख) जी नही ।

(ग) इन स्थानो पर सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने के प्रस्तावो को जल्दी ही मजूरी दे

दी जाएगी और वर्ष 1978-79 के कार्यक्रम मे इन्हें खोलने के कार्य शामिल कर लिए जाएंगे ।

**श्री विनायक प्रसाद यादव** मैं ने अपने प्रश्न मे जिन तीन स्थानों का उल्लेख किया है, वे इंडो-नेपाल बार्डर पर स्थित है, और बिहार मे जूट के व्यवसाय के प्रमुख केन्द्र है। वहा रेलवे स्टेशन भी है। इसी लिए हम ने तत्कालीन संचार मंत्री से मिलकर कहा था कि वहा के लिए टेलीफोन कनेक्शन अविलम्ब दिए जाए। उन्होने कहा था कि यदि आप चिटठी लिख कर देंगे, तो हम तुरन्त दे देंगे। हमने चिटठी लिखी और उन्होंने कहा कि दो महीने के अन्दर वहां टेलीफोन कनेक्शन लग जायेगा। लेकिन मंत्री महोदय ने अपने जवाब मे कहा है कि एसा कोई ऐशोरेंस नही दिया गया था, जब कि मेरे पास सम्बद्ध चिट्ठी मौजूद है। मंत्री महोदय ने शार्टली– जल्दी– टेलीफोन कनेक्शन देने की बात कही है। मैं उनसे जानना चाहता हूं कि जल्दी का क्या मतलब है—दस दिन, पन्द्रह दिन या एक महीना ?

**श्री बृजलाल वर्मा** : माननीय सदस्य ने अपने पत्र मे सिर्फ एक स्थान के बारे में लिखा था। मैं उन्हे यह आश्वासन देता हू कि हम निश्चित रूप से अगले साल इन तीनों स्थानो मे पब्लिक काल आफिस दे रहे हैं।

**श्री विनायक प्रसाद यादव** : मंत्री महोदय ने वहा पब्लिक काल आफिस खोलने की बात कही है। मैं यह जानना चाहता हू कि वह वहां एक्सचेंज खोलने की क्या व्यवस्था कर रहे हैं। वहां हजारों जूट व्यवसायी रहते है, जिन्हे रात दिन कलकत्ता और दूसरे स्थानों के साथ सम्पर्क स्थापित करना पडता है।

**श्री बृजलाल वर्मा** . पहले वहा पी०सी० ओ० खुलेगा, और अगर पचास से ज्यादा ग्राहक कनेक्शन लेना चाहेंगे, तो एक्सचेंज भी खुल जायेगा ।

**श्री नाथू सिंह** : क्या सरकार के सामने ऐसी कोई योजना है कि बड़े बड़े कस्बों में, जहां स्कूल और औषधालय हैं, टेलीफोन व्यवस्था जल्दी से जल्दी की जाये; यदि हां, तो कब तक ऐसे स्थानों पर टेलीफोन की सुविधा दे दी जायेगी ?

**श्री बृजलाल वर्मा** : यह योजना हमारे पास है। जितने भी जिले, तहसील, सब-तहसील, ब्लाकों के हेड क्वार्टर, थाने और पाच हजार से ऊपर की अबादी के गाव है, वहा दो वर्षों मे टेलीफोन कनेक्शन दे दिये जायेंगे ।

**श्री हरिकेश बहादुर** हमारे देश में आम तौर से टेलीफोन की व्यवस्था बहुत खराब हो गई है. खास तौर से जहा डायल सिस्टम नही है। वहां देर तक कनेक्शन नही मिलता है। क्या इस व्यवस्था मे कुछ सुधार लाने के लिए कोई व्यापक परिवर्तन करने की योजना सरकार के विचाराधीन है ?

**MR. SPEAKER:** If you want, you can give the answer. Otherwise, it does not arise out of this.

**श्री वीरेन्द्र प्रसाद** : मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या ऐसी कोई योजना उनके पास है कि जिले के अनुमंडल को जिले के हेड क्वार्टर के साथ जोडा जाय ?

**श्री बृजलाल वर्मा** जी हा। हमारे पास योजना है। हर एक जिले को तहसील से और ब्लाक से जोडने की एक के बाद एक योजना है ।

**चौधरी बलबीर सिंह** मैं माननीय मंत्री जी मे जानना चाहूंगा कि नये कनेक्शन और देने से पहले जो पिछला सारा इंतजाम है उसमे जो गड़बड़ी है उसको ठीक करने का कोई इतजाम करेंगे ?

**SHRI HARIKESH BAHADUR:** Does it arise out of the question?

MR. SPEAKER: If it does not arise, then you should not answer it.

**चौधरी बलबीर सिंह :** यह एक व्यापक प्रश्न है। यह जो काम है उसको वह और बढ़ा रहे है और जो पिछला काम है वह खत्म होता जा रहा है (व्यवधान)

यह डिपार्टमेंट को पालिसी का माल है। यह कह रहे है कि नये खोलेंगे लेकिन उससे पहले जो चल रहे है उनको ठीक करने का इन्तजाम करेंगे ?

MR SPEAKER It does not arise out of the question

**श्री मोहन लाल पिपिल :** मैने माननीय मंत्री जी को तीन पत्र लिखे जेवर, रबुपुरा और दनकौर कस्बों के टेलीफोन कनेक्शन को ठीक करने के लिए। उन्होने यह आश्वासन दिया था कि उनको इम्प्रूव करेंगे और उनके इन्स्ट्रूमेंट्स बदले जाएगे लेकिन वहा उसका उलटा हो रहा है क्या यह सत्य है ?

MR SPEAKER· Do not avoid answer if you can answer it

**Consultation with Nations of Indian Ocean Re. U. N Resolution**

*144 SHRI P K. KODIYAN:†
SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK·

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether India has made any consultations with countries of the Indian Ocean region regarding the practical implementation of the United Nations resolution to keep the Indian Ocean as Zone of Peace,

(b) if so, the reactions of these countries, and

(c) what other steps are being contemplated by India to keep the Indian Ocean free from tension and military conflicts?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE). (a) The Government of India is in constant touch with other like-minded states and the littoral and hinterland states of the Indian Ocean as well as other members of the Non-Aligned Group on the implementation of the U N. Resolutions on the Zone of Peace in the Indian Ocean, in the U N and other international forums as well as bilaterally.

(b) The overwhelming majority of the littoral and hinterland states of the Indian Ocean as well as other states-members of the Non-Aligned Group-share India's concern on the early implementation of the U N Resolutions on the subject

(c) The Government of India propose to continue to utilise all available forums for securing the cooperation of the Great Powers and maritime users of the Indian Ocean for the implementation of the proposal. The Government of India feel that the concept can be translated into reality only with the active support of all peace-loving peoples of the world and the cooperation of the international community as a whole.

SHRI P K. KODIYAN· This question is vitally interesting to us. Our very security is in danger so long as military conflict and tension prevails in the Indian Ocean The hon Minister, in his reply, has said that "Government of India is in constant touch with like-minded states and the littoral and hinterland states of the Indian Ocean as well as other members of the Non-Aligned Group" So far this constant touch has not produced any concrete results In the last part of the reply, he has said that the Government of India will continue to make use of all possibilities of getting cooperation of the great powers in implementing the U N. Resolution

May I know whether it is the policy of the Government that unless the